पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

राज्यपाल ने महावीर जयन्ती पर दी बधाई

लखनऊ : 24 अप्रैल, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जैन गुरू भगवान श्री महावीर की जयन्ती के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि स्वामी महावीर जी ने मानव-कल्याण के लिये जो उपदेश वर्षों पहले दिये थे, उनकी प्रासंगिकता आज भी है। उन्होंने कहा कि महापुरूषों के विचार हमारे जीवन में पवित्रता लाते हैं।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सभी लोगों से अपील की है कि वर्तमान वैश्विक महामारी कोविड-19 से बचने हेतु सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए पर्व को मनायें।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन(208/20)